प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सांस्कृतिक चेतना परिषद द्वारा हिन्दी सप्ताह का आयोजन

पन्तनगर। 15 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक चेतना परिषद द्वारा 7 सितंबर से 14 सितंबर के मध्य हिंदी सप्ताह 'प्रवाह–द्वितीय संस्करण' का आयोजन किया गया। सप्ताह के अंतर्गत चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदी साहित्यकारों के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सप्ताह का आरंभ प्रज्ञात्म – प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन से किया गया। कार्यक्रमों की श्रंखला में 12 एवं 13 सितंबर को वर्णबोध–शब्दसंग्रह प्रतियोगिता एवं शब्दाकृती–एक मिनट भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विश्वविद्यालय के अनेक महाविद्यालयों से छात्रों ने प्रतिभाग किया।

हिंदी दिवस के अवसर पर सप्ताह का समापन अक्षरांश – काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, परिषद् की परामर्शदात्री डा. विनीता राठौर, सह परामर्शदात्री डा. किरण राणा, डा. एस.के. गुरु, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. शोभित गुप्ता, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अमन कांबोज एवं डा. नीरज बिष्ट उपस्थित रहे। गणमान्य अतिथियों ने छात्र कवियों एवं कवियित्रियों का उत्साहवर्धन किया एवं हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन छात्र परामर्शदात्री डा. विनीता राठौड के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि एवं वैज्ञानिकगण।

निदेशक संचार